NEWS CLIPPING:26.01.2023

PIONEER

वोटर आईडी कार्ड पाकर लोकतंत्र में सहभागी बने विद्यार्थी

राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर स्थानीय जेसी बोस विश्वविद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन

प्रवीन शर्मा । फरीदाबाद

राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर जेसी बोस विश्वविद्यालय के सभागार में सिटी मजिस्ट्रेट अमित मान ने बुधवार को युवा मतदाताओं को वोटर आईडी कार्ड वितरित किए। उन्होंने युवा मतदाताओं समेत उपस्थित अधिकारियों तथा कर्मचारियों को शपथ भी दिलवाई।

कार्यक्रम में भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार का वीडियो संदेश भी प्रसारित किया गया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2011 से 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। मतदाता सूची का शुद्धीकरण करना भी बहुत ही कठिन कार्य है। प्रदेश व जिला स्तर पर चुनाव आयोग अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा बेहतर कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम में चुनाव आयोग द्वारा लांच किया गया गीत मैं भारत हूं भी चलाया गया।

युवती को मतदान पहचान पत्र सौंपते सिटी मजिस्ट्रेट मान व अन्य।

सिटी मजिस्ट्रेट अमित मान ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया को जिम्मेदारी के साथ पूरा किया जाता है। लोकतंत्र का सबसे अहम स्तंभ मतदाता होता है। मतदाता के मतदान से देश-प्रदेश की सरकार चुनी जाती है। जो देश को चलाने के लिए नीतियां-योजनाएं बनाती हैं। अर्थात जब तक मतदाता जागरूक नहीं होगा सही प्रतिनिधि का चुनाव नहीं हो सकेगा। उन्होंने बताया कि फरीदाबाद में कुल 16,51,455 मतदाता हैं, जिनमें पुरुष 9,05,432 तथा स्त्री मतदाता 7,45,945 है। वाईएमसीए के रजिस्ट्रार सुनील कुमार गर्ग ने कहा कि शिक्षा का व्यापक प्रचार-प्रसार होने के बावजूद भी बड़ी संख्या में लोग मतदाता सूची में अपने नाम दर्ज करवाने के लिए आगे नहीं आते।

यह शपथ दिलाई

हम भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म मूल वंश, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
(formerly YMCA University of Science and Technology)
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

NEWS CLIPPING:26.01.2023

SATYAJAY TIMES

युवा मतदाता सभी चुनावों में भागीदार बनकर करें मतदान : सीटीएम

फरीदाबाद, 25 जनवरी, सत्यजय टाईम्स/गोपाल अरोडा। सीटीएम फरीदाबाद अमित मान ने आज बुधवार को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर जेसी बोस विश्वविद्यालय के सभागार में युवा मतदाताओं को मतदाता पहचान पत्र वितरित किए। उन्होंने युवा मतदाताओं को और उपस्थित अधिकारियों तथा कर्मचारियों को शपथ भी दिलवाई। शपथ के शब्द इस प्रकार थे, हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म मूल वंश, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

कार्यक्रम में भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार का वीडियो संदेश भी प्रसारित किया गया। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि वर्ष 2011 से 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। चुनाव के दौरान प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी व कर्मचारी निष्पक्ष चुनाव करवा रहे हैं। मतदाताओं को भी मतदान चुनाव में अवश्य करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि मतदाता सूची का शुद्धीकरण करना भी बहुत ही कठिन कार्य है और इसमें प्रदेश व जिला स्तर पर चुनाव विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा बेहतर कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम में चुनाव आयोग द्वारा लांच किया गया गीत मैं भारत हूँ गीत भी चलाया गया। सीटीएम अमित मान ने अपने संबोधन में कहा कि चुनाव प्रक्रिया को जिम्मेदारी के साथ पूरा किया जाता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी को लोकतंत्र की परिभाषा दी जाती है। जबकि कार्यपालिका, न्यायपालिका, संसद तथा मीडिया लोकतंत्र के मुख्य स्तम्भ है। परंतु लोकतंत्र का सबसे अहम स्तंभ मतदाता होता है। मतदाता के मतदान से देश-प्रदेश की सरकार चुनी जाती है।

जो देश को चलाने के लिए नीतियां/योजनाएं बनाती है अर्थात जब तक मतदाता जागरूक नहीं होगा सही प्रतिनिधि का चुनाव नहीं हो सकेगा तथा देश की बागडोर भी गलत व्यक्तियों के हाथों में चली जायेगी। उन्होंने बताया कि फरीदाबाद में कुल 1651455 मतदाता हैं, जिनमें पुरुष 905432 तथा स्त्री मतदाता की संख्या 7,45,945 है। जिला की रेशों 824 है।